RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 04 दिसंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 222 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## पहले घर-घर मोदी अब मन-मन में मोदी

### 3 राज्यों में बीजेपी की जीत पर बोले एकनाथ शिंदे

मुंबई : 5 में से 4 विधानसभाओं के चुनाव के वोटों की गिनती जारी है। 4 में से 3 राज्यों में बीजेपी की सरकार बन रही है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी कई सीटों पर आगे चल रही है। इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बीजेपी की जीत पर बड़ा बयान दिया है एकनाथ शिंदे ने कहा कि पहले घर-घर मोदी कहते थे अब मन-मन में मोदी हैं।



बीजेपी तीन राज्यों में सरकार बना रही है। तीनों राज्यों में मोदी जी की करिश्मा दिखाई दे रही है। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और सभी कार्यकताओं की मेहनत ने रंग लाई है।महाराष्ट्र सीएम ने कहा कि इसी का नतीजा है कि बीजेपी तीन राज्यों में सरकार बना रही है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने झूठे वादे किए। जिसे लोगों ने नकार दिया है। लोगों ने उन्हें उनका जवाब दे दिया है। राहुल गांधी ने राजस्थान में कहा था कि किसानों का कर्जा माफ करेंगे, लेकिन 5 साल हो गए उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया। लोगों ने उन्हें सबक सिखाया है।एकनाथ शिंदे ने कहा कि मोदी जी की करिश्मा कम नहीं बल्कि काफी तेजी से बढ़ रही है। महिलाओं, किसानों, विकास समेत मुद्दों पर लोगों ने मोदी जी का साथ दिया है। बीजेपी झूठे प्रचार नहीं करती है। जो कहती है वो करती है। लोगों को गुमराह नहीं करती है।

## बार में छापेमारी !

### 19 बार बालाएं छुड़ाई गई...



**मुंबई :** सांताक्रुज पुलिस ने स्टार नाइट बार एंड रेस्टोरेंट पर छापेमारी करते हुए 19 महिलाओं को छुड़वाया है, जबकि दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है, इसमें मालिक समेत मैनेजर, वेटर, ड्रमर और ग्राहकों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नाइट पुलिस इंस्पेक्टर ने पंटर भेजकर रेकी करवाई, जैसे ही उसने पुलिस को बताया कि फ्लोर पर ज्यादा लड़कियां नाच रही हैं, तभी पुलिस ने छापेमारी कर दी। छापेमारी के दौरान 19 लड़कियां फ्लोर पर दिखीं, जबकि सिर्फ 8 लोग फ्लोर पर होने चाहिए। इसके अलावा ऑर्केस्ट्रा के बजाय यहां पर तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। पुलिस ने सभी स्पीकर जब्त कर लिए हैं। मामले में दस लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया है, जिसमें बार के मालिक अब्दुल रशीद मो, मैनेजर जगदीश शेट्टी, कैशियर रमेश शेट्टी, ड्रमर रामचंद्र यादव और वेटर रमेश गौड़ा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## फर्जी बैंक गारंटी प्रमाण पत्र के मामले में दो अधिकारियों सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई :** आदिवासी विकास निगम के जव्हार क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से आधार मूल्य खरीद योजना में भाग लेने वाले मिल मालिकों ने जव्हार पुलिस में लगभग दो करोड़ रुपये का फर्जी बैंक गारंटी प्रमाण पत्र दिया। तत्कालीन क्षेत्रीय अधिकारी समेत दो मिल मालिकों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया गया है.




शासन के परिपत्र दिनांक नवम्बर 2022 के प्रावधानों के अनुसार आधार मूल्य धान उपार्जन योजना के अंतर्गत धान क्रय करने वाले मिल धारकों को उनकी संग्रहण क्षमता के अनुसार आदिवासी को समान मूल्य की बैंक गारंटी या टीडीआर, एफडीआर मूल्यांकन नकद प्रमाण पत्र देना आवश्यक था। विकास निगम. इस असेसमेंट गारंटी के आधार पर उन्हें चावल खरीदने की अनुमति दी गई. पिछले खरीफ सीजन का चावल खरीदने और फिर उपलब्ध चावल को खेप के माध्यम से सरकार को वापस करने की प्रक्रिया के बाद, ठेकेदार ने निगम से बैंक गारंटी की मांग की. इस समय, चूंकि कुछ ठेकेदारों ने निगम से जमा गारंटी की मांग नहीं की थी, मौजूदा क्षेत्रीय प्रबंधकों और उनके वरिष्ठ अधिकारियों को इस मामले में संदेह हुआ, इसलिए निगम को जमा की गई सभी बैंक गारंटी को सत्यापित करने का निर्णय लिया गया।

## मुंबई-नासिक हाईवे पर भीषण हादसे में चार घायल

**ठाणे:** मुंबई-नासिक हाईवे पर खारेगांव टोल प्लाजा के पास रविवार सुबह एक ट्रक और टैंकर की टक्कर हो गई. इस हादसे में चार लोग घायल हो गये. घायलों के नाम ट्रक चालक इजाज अहमद (40), उनके सहयोगी राशिद अब्दुल (26), यात्री अमजार खान (35), अब्दुल समत (23) हैं। घायलों को इलाज के लिए ठाणे नगर निगम के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक नासिक के मालेगांव से मुंबई की ओर जा रहा था। इस ट्रक में आठ यात्री सवार थे. 12 टन आटा भी था.

रविवार सुबह 6 बजे जब ट्रक खारेगांव के पास आया तो इजाज अहमद ने ट्रक से नियंत्रण खो दिया। तो ट्रक ने सामने एक टैंकर को टक्कर मार दी. हादसा इतना भीषण था कि ट्रक का अगला हिस्सा पिचक गया।

## फूल खरीदने जा रहे दंपत्ति का एक्सीडेंट... मां के जन्मदिन पर जा रहे थे फूल खरीदने

**मुंबई :** मां के जन्मदिन पर फूल खरीदने दादर मार्केट से जाते वक्त मोटर सायकिल पर सवार दंपति की बाइक दुर्घटना का शिकार हो गई। हालांकि मोटरसाइकिल पर सवार दंपत्ति की मामूली चोट आई, जिसके बाद उन्हें वीएन देसाई अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के बाद उन्हें छोड़ दिया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपी कार चालक पर रफ्तार से कार चलाने के मामले में खेरवाड़ी पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता कॉन्ड्रेड रोड्रिक्स की मां का जन्मदिन दो




दिसंबर को था। इसी वजह सुबह उठकर रोड्रिक्स और उनकी पत्नी मोटर सायकिल से दादर फूल मार्केट में फूल लेने जा रहे थे, तभी वेस्टर्न एक्सप्रेस हायवे से जाते वक्त एक कार ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मारी और उनके आगे जाकर रुकी। जिससे दंपति मोटर साइकिल से नीचे गिर पड़े। इन्हें चोट लग गई थी। घटना की जानकारी खेरवाड़ी पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और दोनों को उठाकर पास के वीएन देसाई अस्पताल में ले जाया गया। जहां उनका इलाज किया गया। इलाज के बाद उन्हें घर जाने दिया गया। कार चालक को मौके पकर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मो सिद्दिक अब्दुल गफार शेख (24) बताया। मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 279, 336, 337 और मोटरवेहिकल एक्ट 184 के तहत कार्रवाई की है।

## दुकानों पर अंग्रेजी साइन लगाने पर मनसे भड़की...

### अंग्रेजी बोर्ड पर पोता काला रंग

**भायंदर:** कोर्ट द्वारा दुकानों के बाहर मराठी भाषा में साइन लगाने के आदेश के बाद भी इसे नजरअंदाज करने वाले व्यापारियों पर मनसे आक्रामक तरीके से बरसने लगी। इसके मुताबिक देखा गया है कि एमएनएस कार्यकताओं ने मीरा भायंदर में बड़ी दुकानों और प्रतिष्ठानों के बाहर लगे अंग्रेजी बोर्ड पर काला रंग पोत दिया है. सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक, राज्य में दुकानों और प्रतिष्ठानों पर मराठी देवनागरी लिपि में मोटे अक्षरों में नाम बोर्ड लगाना अनिवार्य कर दिया गया है. इसके लिए कोर्ट ने दुकानदारों को दो महीने की मोहलत भी दी है. समाप्त हो गया। इसलिए, मीरा भायंदर नगर



निगम ने शहर के दुकानदारों को मराठी बोर्ड लगाने के लिए नोटिस जारी किया है। दुकानदार इस आदेश का पालन करने से मुंह मोड़ रहे हैं। इसलिए, मीरा भायंदर मनसे पार्टी ने ऐसे लोगों को हतोत्साहित करने के लिए आक्रामक रुख अपनाया है। दुकानदार. इसमें शनिवार दोपहर को मीरा भायंदर की मुख्य सड़कों पर दुकानों पर लगे अंग्रेजी साइनबोर्ड को शाही कार्यकताओं ने हटा दिया. दुकानदारों को भी जल्द ही मराठी में ये बोर्ड लगाने की चेतावनी दी गई है.



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### अर्थव्यवस्था ने चौंकाया

वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही यानी जुलाई-सितंबर के दौरान अर्थव्यवस्था सालाना आधार पर 7.6 फीसदी की दर से बढ़ी। इस बात ने अधिकांश विश्लेषकों को सकारात्मक ढंग से चौंकाया। अधिकांश अर्थशास्त्री आशा कर रहे थे कि वृद्धि दर 7 फीसदी के आसपास रहेगी। बहरहाल, अक्टूबर में बिजनेस स्टैंडर्ड के एक आयोजन में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़े सकारात्मक ढंग से चौंकाने वाले होंगे।

रिजर्व बैंक ने पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की अनुमान से बेहतर वृद्धि के बावजूद पूरे वर्ष के वृद्धि अनुमान को 6.5 फीसदी रखा। दूसरी तिमाही में क्षेत्रवार प्रदर्शन को देखें तो विनिर्माण क्षेत्र ने 13.9 फीसदी की वृद्धि हासिल की, हालांकि यह आंशिक तौर पर कम आधार के कारण भी हासिल हुई। पिछले वर्ष की समान तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र का मूल्यवर्द्धन कम हुआ था। श्रमिकों की अधिकता वाले एक अन्य क्षेत्र विनिर्माण में भी 13.3 फीसदी की वृद्धि रही। सबसे बड़ी निराशा कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से आई जिनमें 1.2 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली। इससे संकेत मिलता है कि कुल खाद्य उत्पादन पर दबाव होगा जो खुदरा मुद्रास्फीति संबंधी नतीजों को भी प्रभावित करेगा।

चूंकि वित्त वर्ष की पहली छमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.7 फीसदी रही। ऐसे में पूरे वर्ष के 6.5 फीसदी वृद्धि के रिजर्व बैंक के अनुमान के मुताबिक देखें तो वर्ष की दूसरी छमाही में धीमापन आएगा। ऐसे में संभव है कि रिजर्व बैंक तथा अन्य के पूरे वर्ष के पूवार्नुमान को संशोधित किया जाएगा। अहम बात यह होगी कि क्या आने वाली तिमाहियों में इस गति को बरकरार रखा जा सकेगा। दूसरी तिमाही के कॉर्पोरेट नतीजों का विश्लेषण बताता है कि गति में कमी आ रही है जो आने वाली तिमाहियों में वृद्धि को प्रभावित कर सकती है। राष्ट्रीय लेखा के आंकड़े भी दिखाते हैं कि दूसरी तिमाही में अंतिम निजी खपत में व्यय में केवल 3.1 फीसदी की मामूली वृद्धि हुई जो अपने आप में एक पहेली है। ऐसा इसलिए कि वृद्धि के समग्र आंकड़े मजबूत हैं। एक उत्साहित करने वाली बात यह है कि सकल स्थायी पूंजी निर्माण में 11 फीसदी का इजाफा हुआ। इससे लगता है कि निजी निवेश में सुधार हो रहा है। मध्यम अवधि में वृद्धि को बरकरार रखने के लिए यह आवश्यक है। विकसित देशों में मुद्रास्फीति की दर में कमी आई है। भले ही मुद्रास्फीति की दर केंद्रीय बैंकों के तय लक्ष्य से अधिक है और वे ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा रख सकते हैं लेकिन वैश्विक वित्तीय हालात में सहजता आने लगी है और इससे भारतीय कंपनियों को पूंजी जुटाने में मदद मिलेगी।

वास्तव में प्राथमिक शेयर बाजार की गतिविधियां बताती हैं कि छोटी कंपनियां भी पूंजी जुटा रही हैं जिससे निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। परंतु अगर निजी खपत कमजोर रहती है तो निवेश बरकरार रखना मुश्किल हो जाएगा। यद्यपि स्थिर मूल्य पर समग्र वृद्धि प्रभावी नजर आ रही है और वह हर प्रकार के अनुमान से ऊपर रही लेकिन ध्यान एक बार फिर नॉमिनल वृद्धि पर केंद्रित रहेगा। दूसरी तिमाही में नॉमिनल जीडीपी 9.1 फीसदी बढ़ी। पहली तिमाही में भी यह दर वास्तविक वृद्धि से मामूली रूप से अधिक थी। कमजोर नॉमिनल वृद्धि को कमजोर थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर से समझा जा सकता है लेकिन यह सरकार के लिए दिक्कतें खड़ी कर सकती है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# खून बढ़ाने में इस्तेमाल होने वाले इस इंजक्शन की कालाबाजारी

## मुंबई पुलिस ने मारा छापा... छह घंटे चली जांच !

**मुंबई :** खून बढ़ाने के नकली इंजेक्शन मुंबई में पकड़े गए हैं। इसकी जांच करने आई मुंबई पुलिस ने आगरा में फव्वारा स्थित गोलू फार्मा पर दवाओं की खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड 6 घंटे तक खंगाले। फजीवाड़े की आशंका पर टीम ने रिकॉर्ड जब्त किए हैं। जांच के लिए दो दवाओं का नमूने भी लिए हैं।




सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया कि मुंबई में ओरोफर-एससीएम इंजेक्शन पकड़े गए। औषधि विभाग की जांच में ये इंजेक्शन नकली मिले। मुकदमा दर्ज होने पर मुंबई पुलिस की जांच में ये इंजेक्शन दिल्ली की कान्हा फार्मा ने मुंबई में कालाबाजारी की थी। शनिवार को मुंबई पुलिस की तीन सदस्यीय टीम और आगरा के औषधि निरीक्षक कपिल शर्मा ने दोपहर करीब 12 से शाम 6 बजे तक फव्वारा स्थित गोलू फार्मा पर जांच की। मौके पर संचालक संजय सिंह मिले। ओरोफर-एससीएम इंजेक्शन की जानकारी मांगी तो उन्होंने दिल्ली के कान्हा फार्मा को दो इंजेक्शन बेचने के बिल दिखाए। टीम ने भंडारण दवाओं की खरीद-बिक्री का कंप्यूटर में रिकॉर्ड खंगाले। संबंधित इंजेक्शन बरामद नहीं हुआ। टीम ने जांच के लिए रिकॉर्ड जब्त किए हैं। संदिग्ध प्रतीत हो रहीं दर्द और एसिडिटी दवा के नमूने लिए हैं।

### तीन हजार नकली इंजेक्शन की कालाबाजारी

मुंबई पुलिस की टीम ने बताया कि कंपनी की निर्माण इकाई पुणे में है। मुंबई में करीब सालभर पहले 3000 से अधिक इंजेक्शन नकली पकड़े थे। एक इंजेक्शन की कीमत 1800-1900 रुपये हैं। जांच में ये इंजेक्शन दिल्ली के कान्हा फार्मा ने कालाबाजारी की थी। इसके संचालक पर केस दर्ज कर लिया। इसके संचालक ने गोलू फार्मा से 3000 इंजेक्शन की खरीद की जानकारी दी। यहां जांच में महज दो इंजेक्शन बिक्री के बिल दिखाए हैं, दिल्ली की फर्म केवल दो इंजेक्शन ही खरीदेगी। ऐसे में कालाबाजारी की पूरी आशंका है। नोटिस दिया है, जांच जारी है।

### आठ तरह की दवाओं का स्टॉक मिला

सहायक आयुक्त औषधि ने बताया कि गोलू फार्मा का लाइसेंस 2021 का है। जांच में यहां 8 तरह की दवाओं के खरीद के बिल तो मिले हैं, लेकिन इनकी बिक्री के बिल नहीं दिखाए। ये दवाएं स्टोर में ही भंडारित मिलीं। टीम ने संचालक से पूछा कि जब बिक्री नहीं हुई तो इनका स्टॉक क्यों, इस पर संचालक ने कहा कि दुकान नियमित नहीं खुल पा रही है। मामला संदिग्ध लग रहा है।

## गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों ने ग्रामीण की हत्या की




**गढ़चिरौली :** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों ने 38 वर्षीय व्यक्ति की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि कोरची तालुका के मोरकुटी गांव निवासी चमरा मडावी को शनिवार देर रात नक्सलियों ने उसके घर से उठा लिया और गांव के बाहरी इलाके में उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) नीलोत्पल ने कहा कि मडावी प्रतिबंधित संगठन का समर्थक था और उसे पिछले साल पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में नक्सलियों को गोला-बारूद की आपूर्ति करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

उन्होंने बताया कि मडावी की बहन भी नक्सली है और उसकी शादी माओवादियों के डिविजनल कमेटी सदस्य (डीवीसी) मानसिंह होली से हुई है। अधिकारी ने कहा कि ऐसा संदेह है कि मडावी ने गोला-बारूद की आपूर्ति के लिए नक्सलियों से पैसे लिए थे और यह हत्या उसी से संबंधित घटनाक्रम से जुड़ी हो सकती है।

## मानखुर्द मे भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न...!

**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** रक्तदान ही जीवनदान , श्रेष्ठ दान ऐसे ही नही कहा जाता है। गौरतलब हो की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कट्टर महाराष्ट्र सैनिक संतोष वजीरकर व उनके सहकर्मियों ने भारतरत्न डॉ बाबासाहेब आंबेडकर महापरिनिर्वाण दिन को ध्यान मे रखते हुए आज स्वराज्य संकल्प प्रतिष्ठान की ओर से भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन मानखुर्द मे किया।




उपरोक्त अवसर पर मनसे प्रदेश वाहतूक सेना के महासचिव , चेंबूर विधानसभा अधक्ष्य माऊली थोरवे ने कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे। तथा रक्तदान शिविर मे रक्तदान करने वाले रक्तदान दाताओं को पुष्प गुच्छा सहित प्रमाण पत्र वितरित किया।

## नशीले पदार्थों की बिक्री मामले में दहानू से दो गिरफ्तार

**मीरा-भाईंदर :** वसई-विरार वरिष्ठों द्वारा अपराध शाखा को पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में नशीली दवाओं की बिक्री और तस्करी करने वाले सामाजिक समूहों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। 01 दिसंबर की रात को पुलिस अधिकारी और अपराध शाखा के पुलिसकर्मी मांडवी पुलिस स्टेशन की सीमा में खरदतारा पुल के नीचे गश्त कर रहे थे। तालुक के दहानू के एक युवक कैलास जनार्दन तमोर (36) को साविस रोड पर नशीले पदार्थ बेचते हुए पकड़ा गया। उस समय मादक पदार्थ चरस के साथ 1.1 किलो ग्राम



बाजाना (कीमत 11,00,000/- रुपए) बरामद किया गया था। तदनुसार, मांडवी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। उपरोक्त अपराध की जांच के दौरान, आरोपी कैलास जनार्दन तमोरे के साथी, संकेत विजय तमोरे (32) और निकेश रमेश दवने (37) वर्ष, दोनों चिंचनी में रहते हैं, (टी) (दहानु) को हिरासत में ले लिया गया। घर पर छापेमारी में कुल 7.650 किलोग्राम चरस जब्त की गई। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 86,13,350/- रुपये मूल्य की कुल 8.750 किलोग्राम चरस जब्त की गई। आ गया है इस अपराध की आगे की जांच कक्ष-3, अपराध शाखा, विरार के माध्यम से की जा रही है और आरोपी को 07 दिसंबर तक गिरफ्तार कर लिया गया है। कोर्ट ने पुलिस हिरासत दे दी है. आगे की जांच चल रही है कि आरोपी ये नशीला पदार्थ कहां से लाया।




# सिडको द्वारा अपने ही आदेशों की धज्जियां उड़ाने का मामला

## अधिकारियों पर करोड़ों के भ्रष्टाचार का आरोप




**मुंबई :** सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (सिडको) द्वारा अपने ही आदेशों की धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया है। इसके बाद से सिडको के अधिकारियों पर करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया जा रहा है। यह मामला मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के दरबार में भी गया, लेकिन वहां से निर्णय नहीं आता देख पर्यावरणप्रेमी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

उनका कहना है कि अगर मैंग्रोव काटनेवालों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे एफआईआर से लेकर जन आंदोलन करने की तैयारी करेंगे। बताया जा रहा है कि नई मुंबई के सेक्टर २३ में सिडको द्वारा सीआरजेड २ क्षेत्र में विलेपार्ले मार्बल संगठन के २६ व्यापारियों को प्लॉट देने के लिए मैंग्रोव को काटकर नया प्लॉट तैयार किया जा रहा है। जबकि, सिडको के पूर्व एमडी संजय भाटिया ने हाई कोर्ट में सन २०१५ में हलफनामा देकर मैंग्रोव की वजह से जगह नहीं होने का कारण देकर व्यापारियों को प्लॉट देने में असमर्थता व्यक्त की थी। वर्ष २०१७ के अपने बोर्ड रेज्यूलेशन में सिडको ने पांच व्यापारियों को कोर्ट के आदेश के बाद सिडको द्वारा पूर्व में ही कंफर्म किए गए ५ प्लॉटों की जगह देकर बचे हुए २६ प्लॉटधारकों को पूरा पैसा बगैर ब्याज के तुरंत वापस करने का प्रस्ताव पास किया गया था। इसे लेकर पर्यावरणविद् एवं एडवोकेट विनोद गंगवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर आरोप लगाया है कि सिडको ने सिर्फ व्यापारियों पर दबाव बनाने के लिए आदेश पारित किया था, वरना इस आदेश को ५ साल बीत जाने के बावजूद सिडको द्वारा उन्हें पैसा वापस क्यों नहीं किया गया?

# रिश्तेदारों को बुलाया... फिर पत्नी और बच्चे को भी मार डाला

# कारोबारी के घर में मौत का तांडव

**कल्याण:** दोहरे हत्याकांड से कल्याण शहर दहल उठा। एक व्यवसायी पर अपनी पत्नी और सात साल के बेटे की हत्या करने का खुलासा हुआ, जिससे पूरे शहर में हंगामा मच गया। दिल दहला देने वाली यह घटना कल्याण पश्चिम के रामबाग इलाके में हुई और इस दोहरे हत्याकांड से इलाके में दहशत का माहौल है। इस बीच आरोपी कारोबारी अपनी पत्नी और बेटे की हत्या कर घर से फरार हो गया। आरोपी दीपक गायकवाड़ ने पाटवी अश्विनी और उसके सात साल के बेटे की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही महात्मा फुले पुलिस स्टेशन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपी दीपक गायकवाड़ की तलाश कर रही है। इस बीच, हत्या का सही कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है।




पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी दीपक गायकवाड़ अपनी पत्नी और बेटे के साथ कल्याण पश्चिम के रामबाग लेन नंबर तीन की एक बिल्डिंग में रहता था। कल्याण शहर में उनकी नानू वर्ल्ड नाम से खिलौने की दुकान है। दीपक ने कल दोपहर अपने एक रिश्तेदार को फोन किया। उनसे काफी देर तक फोन पर बात हुई। लेकिन उसके बाद अचानक ऐसा क्या हुआ कि उसने अपनी पत्नी और बच्चे का गला घोंट दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। इतना ही नहीं उसने अपनी जान देने की भी कोशिश की। लेकिन कुछ देर बाद वह मौके से फरार हो गया।

कॉल के बाद जब दीपक के परिजन उसके घर पहुंचे तो सामने का नजारा देखकर उनकी आंखें फटी रह गईं और सभी हैरान रह गए। गायकवाड़ की पत्नी और बच्चे की लाशें घर में मिलीं। हत्या के बाद दीपक गायकवाड़ फरार हो गया। सदमे में आए रिश्तेदारों ने हिम्मत जुटाई और घटना की जानकारी महात्मा फुले पुलिस को दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। आरोपी दीपक गायकवाड़ कल्याण शहर में खिलौनों की महंगी दुकान नानू वर्ल्ड का मालिक है। लेकिन यह समझ नहीं आ रहा है कि उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया और अपनी पत्नी और बच्चे की हत्या क्यों कर दी। दीपक ने ऐसा क्यों किया? ये तो उसकी गिरफ्तारी के बाद ही सामने आएगा। इस मामले में महात्मा फुले पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। लेकिन इस हत्याकांड से पूरे शहर में सनसनी फैल गई है।

# डीपफेक प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग समाज के लिए खतरा : द्रौपदी मुर्मू



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से डीपफेक बनाए जाने को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समाज के लिए खतरा बताया है। शनिवार को नागपुर में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज विश्वविद्यालय (आरटीएमएनयू) के 111वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह तकनीक के सदुपयोग का लाभ सभी को मिलता है, इसका गलत इस्तेमाल पूरी मानवता के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि युवा तकनीक को समझते भी हैं और इस्तेमाल भी कर रहे हैं। किसी भी साधन-संसाधन का सदुपयोग और दुरुपयोग संभव है। यह तकनीक पर भी लागू होता है। अगर तकनीक का सही तरीके से इस्तेमाल होता है, तो समाज और देश को इसका लाभ मिलता है। अगर गलत इस्तेमाल किया जाए, तो पूरी मानवता को पीड़ा पहुंचाई जा सकती है।

# केडीएमसी कर्मचारी पर हमला करने वाले चार लोग गिरफ्तार

**डोंबिवली:** डोंबिवली इस समय अपराधों की बाढ़ से दहल गया है। कुछ दिन पहले एक अज्ञात चोर ने डरपोक बनकर जियो गैलरी से आईफोन चुराने की कोशिश की थी। वहीं दूसरी ओर डोंबिवली नगर निगम के एक कर्मचारी पर धारदार हथियार से हमला किया गया। इससे डोंबिवली में दहशत का माहौल फैल गया।

इस बीच डोंबिवली पुलिस ने नगर निगम कर्मचारी और ड्राइवर विनोद लंकेश्री पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। शुरूआती जांच में पता चला है कि ये चारों आरोपी घाटकोपर के रहने वाले हैं और पेशे से रिक्शा चालक हैं। हमलावरों की पहचान कमरुद्दीन शेख, अरबाज सैयद, इजराइल शाह और शाहरुख शेख के रूप में हुई है। लेकिन विनोद लाकेश्री पर यह हमला क्यों और किसकी चेतावनी पर हुआ? यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। हमले के पीछे का मास्टरमाइंड कौन है? इसकी जांच रामनगर पुलिस कर रही है।

विनोद लंकेशरी डोंबिवली नगर निगम के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और ड्राइवर हैं। पिछले महीने की 27 तारीख को रात करीब 8:40 बजे डोंबिवली पूर्व में शहीद भगत सिंह रोड पर विनोद लंकेश्री पर हमला किया गया था। इस हमले में विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया। चाकू से हमला कर हमलावर मौके से फरार हो गया। यह देखकर सड़क पर मौजूद कुछ नागरिकों ने उसका पीछा किया और उसे पकड़ने की कोशिश की। लेकिन यह उनके हाथ नहीं लगा।



पुलिस ने आईपीसी 326 के तहत मामला रामनगर थाने में दर्ज किया था। आखिरकार पुलिस ने गहन जांच की और हमलावर समेत चार लोगों को गिरफ़्तार कर लिया। ये चारों मुंबई के घाटकोपर के रहने वाले हैं। हमलावरों की पहचान कमरुद्दीन शेख, अरबाज सैयद, इजराइल शाह और शाहरुख शेख के रूप में हुई है। हालांकि, विनोद पर हमला क्यों और किसके इशारे पर किया गया, इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है। इस हमले के पीछे किसी का हाथ है और कथित बिल्डर, फेरीवालों का नेता या केडीएमसी का कोई व्यक्ति शुक्राचार्य है। पुलिस इसकी तलाश कर रही है ख़ासकर इन अपराधियों के नाम पर कई मामले दर्ज हैं।

# महाराष्ट्र के किसानों के लिए संकट पैदा कर सकता है 'मिचांग'

**मुंबई :** बंगाल की खाड़ी में चक्रवात 'मिचांग'सक्रिय हो गया है, जो देश के पूर्वी तट से टकरा सकता है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात 'मिचांग' उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसके चार दिसंबर की शाम को उत्तरी तमिल नाडु और दक्षिणी आंध्र तटों पर पहुंचने की संभावना है। इस चक्रवात के कारण ३ दिसंबर से ही बारिश और हवा की गति बढ़ सकती है, जो ५ दिसंबर तक बनी रह सकती है। वहीं 'मिचांग'का मचमच महाराष्ट्र के किसानों के लिए भी संकट पैदा कर सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इस तूफान का असर महाराष्ट्र में दिखाई दे सकता है। इसके कारण प्रदेश के उत्तरी महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, कोकण समेत विदर्भ में दो-तीन दिनों तक फिर से जोरदार बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र विकसित होकर 'अवसाद'बन गया है और यह अगले २४ घंटों के अंदर पहले 'गहरे अवसाद'और फिर इसके 'चक्रवाती तूफान' में तब्दील होने की संभावना है। ३ दिसंबर से उत्तरे तमिलनाडु और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश या भारी बारिश होने की संभावना है।



# वर्ल्ड कप कौन जीतेगा के विवाद में एक युवक की मौत!

## आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आंदोलन की चेतावनी

**बोईसर:** 23 नवंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट विश्व कप फाइनल कौन जीतेगा, इस पर बहस के बाद एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इस बदनसीब युवक का नाम प्रवीण राठौड़ है और इस मामले में बोईसर पुलिस स्टेशन में चार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है, लेकिन पुलिस ने अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है, इसलिए बंजारा टाइगर्स संगठन ने पुलिस प्रशासन को विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। पुलिस के खिलाफ। पीड़ित प्रवीण राठौड़ और आरोपी मनोज गिरी और प्रतीक बोइसर के चित्रालय इलाके में संतोष हेयर सैलून में थे जब विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल मैच चल रहा था। वहां मोबाइल पर क्रिकेट मैच देखने के दौरान आरोपी ने तर्क दिया कि 'तुम्हारा इंडिया हार जाएगा'। उनके बीच जमकर मारपीट हुई। इसी दौरान आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और राठौड़ के साथ मारपीट की। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल मैच कौन जीतेगा? इसी बात को लेकर बोइसर के चित्रालय इलाके



में 'संतोष हेयर सैलून'में बैठे चार-पांच युवकों के बीच बहस हो गई। इसी दौरान प्रवीण राठौड़ को आरोपी मनोज गिरी और प्रतीक ने छेड़ा। इसका दुरुपयोग किया गया। आरोपी युवकों ने अपने साथियों को बुला लिया और राठौड़ की पिटाई कर दी। इसी दौरान उसने 'सैलून'से कुर्सी का एक हिस्सा हटाकर राठौड़ के सिर पर दे मारा, जिससे राठौड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद राठौड़ को इलाज के लिए पहले बोइसर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें मीरा रोड के तुंगा अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बोइसर पुलिस में राठौड़ के रिश्तेदार की शिकायत के आधार पर आरोपी मनोज गिरी, प्रतीक गिरी और दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 302 (34) के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है।




# महाराष्ट्र में चक्रवात 'मिचॉन्ग' का असर...
## अगले दो दिनों तक बारिश की आशंका!



**महाराष्ट्र :** चक्रवात हामुन के बाद बंगाल की खाड़ी पर एक और चक्रवात का संकट मंडरा रहा है. बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन गया है. इस कम दबाव के क्षेत्र के रविवार को मजबूत होकर चक्रवात में बदलने की संभावना है. मौसम विभाग ने चक्रवात 'मिचॉन्ग' के कारण अगले दो दिनों तक महाराष्ट्र में बारिश की भविष्यवाणी की है. आज बंगाल की खाड़ी में चक्रवात बनने की संभावना है. प्रदेश में बेमौसम बारिश देखने को मिल रही है.

**दो दिन तक गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना**

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्य में गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है. मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा में अलग-अलग स्थानों पर गरज और आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है. मध्यम से हल्की बारिश की उम्मीद है. मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में विदर्भ में भारी बारिश की संभावना जताई है.

**मुंबई में बढ़ेगी ठंड**

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार से पांच दिनों तक मुंबई में ठंड जारी रहेगी. उन्होंने कहा कि उत्तरी हवाओं के कारण मुंबई में तापमान में गिरावट आई है और यह स्थिति अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है. महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में भी तापमान 15 डिग्री से नीचे चला गया है.

### प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना....

बंगाल की खाड़ी में बनी कम दबाव की बेल्ट का असर राज्य के वायुमंडल पर भी दिख रहा है. प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई गई है. बेमौसम बारिश के कारण राज्य में किसान संकट में हैं. बेमौसम बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ है. हालांकि, कुछ इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा. मुंबई, ठाणे और पालघर इलाकों में मौसम में ओलावृष्टि होगी. कोंकण के तटीय इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा.

# मध्य प्रदेश, राजस्थान में पिछड़ी कांग्रेस के पास
## I.N.D.I.A गठबंधन का सहारा...

### 6 दिसंबर को बुलाई बैठक

**नई दिल्ली :** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में आज वोटों की गिनती जारी है। इसी बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 6 दिसंबर को दिल्ली में विपक्षी गठबंधना NDIA की बैठक बुलाई है। दरअसल, चार राज्यों की शुरूआती रुझानों में कांग्रेस की पकड़ सिर्फ तेलंगाना में बनती नजर आ रही है, इसके अलावा वह अन्य प्रदेशों में भाजपा से काफी पीछे चल रही है।




**दिल्ली में बुलाई बैठक**

इसी बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों के INDIA गठबंधन को बैठक के लिए बुलाया है। 6 दिसंबर को दिल्ली में विपक्षी पार्टियों का जमावड़ा लगने वाला है। हालांकि, पहले भी खरगे ने कहा था कि पांचों राज्यों के नतीजे सामने आने के बाद विपक्षी गठबंधन की बैठक बुलाई जाएगी। शुरूआती रुझानों में तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनती नजर आ रही है। वहीं, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर नजर आ रही है, जबकि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार कर चुकी है।

**सीटों के बंटवारे पर हो सकती है चर्चा**

इस बैठक के दौरान अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले सीटों के बंटवारे पर चर्चा होने की संभावना है। बता दें कि INDIA गठबंधन की पहली बैठक पटना में आयोजित की गई थी।

# 2024 में प्रॉपर्टी की कीमतों में 5.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी!



**मुंबई :** हर बीतते साल के साथ आनेवाले समय में प्रॉपर्टी के दाम आसमान छू रहे हैं। मुंबई में २०२३ के पहले ११ महीनों में १. १४ लाख संपत्ति रजिस्ट्रेशन दर्ज किए गए, जो एक दशक में सबसे अधिक है। यह आंकड़ा साल-दर-साल १२२ प्रतिशत की बढ़त को दर्शाता है। २०२४ में प्रॉपर्टी की कीमतों में ५.५ प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की उम्मीद की जा रही है। प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन में साल-दर-साल १० प्रतिशत की वृद्धि और २०२३ में स्टांप रेवेन्यू पहली बार १०,००० करोड़ रुपए से अधिक होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रजिस्टर्ड प्रॉपर्टी में से ७५ प्रतिशत से अधिक सेंट्रल और वेस्टर्न सबअर्बन में हैं, जबकि वहीं कांदिवली, कांजुरमार्ग, मुलुंड और विक्रोली मार्केट के रूप में उभर रहे हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल के अनुसार, '२०२३ के दौरान प्रॉपर्टी की कीमतों में सालाना आधार पर ६.५ प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद मुंबई में २०२४ में प्रॉपर्टी की कीमतों में ५.५ प्रतिशत की बढ़ोतरी होने का अनुमान है।' २०२२ में १,१२,६६८ यूनिट की बिक्री हुई, जिसमें साल दर साल १० प्रतिशत की बढ़ोतरी हो रही है, जबकि नवंबर तक ११ महीनों में अनुमानित रजिस्ट्रेशन १,१४,४६४ यूनिट तक पहुंच गया है। स्टांप रेवेन्यू भी २०२१ में ५,३५२ करोड़ रुपए से बढ़कर २०२२ में ८,०६६ करोड़ रुपए और नवंबर २०२३ तक ९,९२२ करोड़ रुपए हो गया, जो दर्शाता है कि यह पहली बार १०,००० करोड़ रुपए को पार कर जाएगा।

हालांकि, नवंबर २०२३ में रजिस्ट्रेशन और रेवेन्यू दोनों में गिरावट देखी गई। त्योहारी सीजन होने के बावजूद, इस महीने में मुंबई शहर में लगभग ९,५४८ यूनिट प्रॉपर्टी का बिक्री रजिस्ट्रेशन हुआ है, जबकि अक्टूबर में यह १०,६०७ यूनिट था। स्टांप रेवेन्यू जो अक्टूबर में ८३५ करोड़ रुपए था, वह घटकर नवंबर में ६९७ करोड़ रुपए हो गया।

## 'गगनयान' से 4 अंतरिक्ष यात्री जाएंगे स्पेस में
# ISRO चीफ ने बताया- क्या है सबसे बड़ा चैलेंज...



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने शनिवार को यहां कहा कि भारत के पहले मानव अंतरिक्ष यान मिशन 'गगनयान' के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्री तैयार हैं और 2025 का इंतजार कर रहे हैं. 'गगनयान' कार्यक्रम का लक्ष्य 2025 में तीन दिवसीय मिशन के लिए चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है.

**क्या है मिशन की सबसे बड़ी चुनौती?**

सोमनाथ ने कहा कि इसरो इस मिशन को संभव बनाने के लिए प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए दिन-रात काम कर रहा है. उन्होंने कहा, 'पहले मिशन के लिए हमने उनमें से चार को चुना है, और हमारा प्रयास है कि उन्हें 2025 तक अंतरिक्ष में भेज दिया जाए और फिर सुरक्षित वापस लाया जाए. उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर लाना इस मिशन का महत्वपूर्ण उद्देश्य है.' पंडित दीनदयाल ऊर्जा विश्वविद्यालय (पीडीईयू) के 11वें दीक्षांत समारोह में स्नातक छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, 'इसे संभव बनाने के लिए आने वाले दिनों में बहुत सारी तकनीक विकसित करने की जरूरत है. इसरो में हम इसे साकार करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं'. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इसके लिए कई तकनीकों को नए सिरे से विकसित और सफल बनाया गया है. उन्होंने कहा, 'आने वाले दिनों में हम मानव रहित कई मिशन देखेंगे और फिर अंततः भारतीय को अंतरिक्ष में भेजेंगे. अंतरिक्ष यात्री पहले से ही तैयार हैं'. उन्होंने कहा कि इसरो एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने पर भी विचार कर रहा है, जो वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति तथा उद्योगों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए जरूरी है. 'चंद्रयान-3' के बारे में बात करते हुए सोमनाथ ने कहा कि भारत के पास अब इस श्रेणी की ''उच्च प्रौद्योगिकी'' परियोजनाओं को पूरा करने का आत्मविश्वास है.

# चार्टर्ड अकाउंटेंट महिला से सायबर ठगी
## रिवार्ड पॉइंट देने के नाम पर निकाल लिए पैसे



**मुंबई :** एक 40 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट महिला को साइबर जालसाजों ने 9.16 लाख रुपये का चूना लगाया है। साइबर जालसाजों ने महिला को मैसेज भेजकर और रिवॉर्ड प्वाइंट प्राप्त करने का लालच देकर धोखाधड़ी की है। भायखला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सारिका सोनीगरा को बुधवार शाम को एक मैसेज मिला जिसमें लिखा था कि प्रिय उपभोक्ता, एक्सिस बीएनके रिवॉर्ड पॉइंट 9850 रुपये आज तक समाप्त हुए पॉइंट में से सफलतापूर्वक अर्जित कर लिए गए हैं। इस मैसेज के साथ एक लिंक भी था, जिस पर क्लिक करने पर सोनीग्रा को ग्राहक आईडी, पासवर्ड जैसी जानकारी भरने के लिए कहा गया, जिसे सोनीगरा ने भर दिया। फॉर्म में मांगा गया विवरण भरने के बाद, सोनीगरा को एक ओटीपी नंबर प्राप्त हुआ जिसे उसने लिंक में भर दिया। जिसमें उन्हें एक संदेश मिला कि लिंक अमान्य है। इसके बाद जब सोनीगरा ने दोबारा कोशिश की तो उन्हें ओटीपी नंबर मिला, जिसे उन्होंने लिंक में भर दिया और इस बार भी ओटीपी अमान्य घोषित कर दिया गया। जब ओटीपी नंबर दो बार अमान्य घोषित किया गया तो सोनीगरा को संदेह हुआ और जब उसने अपना बैंक बैलेंस चेक किया, तो उसे दो लेनदेन दिखाई दिए। सोनीगरा के बैंक खाते से साइबर जालसाजों ने कुल 9.16 लाख रुपये निकाल लिए थे। सोनीगरा ने इसकी शिकायत भायखला पुलिस से की, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुंबई की इमारत में आग लगने की घटना के बाद दो शव बरामद

**मुंबई :** मुंबई में गिरगांव चौपाटी के पास चार मंजिला इमारत में आग लगने की घटना के बाद घटनास्थल से दो शव बरामद किये गये हैं। एक दमकल अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रंगनेकर रोड पर स्थित गोमती भवन की तीसरी मंजिल पर शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे लगी आग पर छह घंटे बाद काबू पा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि तीसरी मंजिल पर एक मकान के शयनकक्ष और शौचालय से दो झुलसे शव बरामद हुए। उन्होंने बताया कि इमारत से तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया। दमकल की आठ गाड़ियों और छह जंबो (विशाल) टैंकरों को घटनास्थल पर भेजा गया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com